**युवा भागीदारी** • आईआईएम रांची का एनुअल मैनेजमेंट फेस्ट एगॉन 4.0 संपन्न

# प्रॉफिट बढ़ाने से फैक्ट्री सेट-अप तक के इवेंट में स्टूडेंट्स ने दिखाई क्रिएटिविटी

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची का एनुअल मैनेजमेंट फेस्ट एगॉन 4.0 का रविवार को समापन हुआ। दिन की शुरुआत आईआईएम रांची के एचआर क्लब द्वारा रिक्रूटमेंट कंपीटिशन 'हायर' से हुई। 370 से ज्यादा लोगों ने पार्टिसिपेट किया था। इनमें से छह टीमें फाइनल के लिए शॉर्टलिस्ट हुईं। आईआईटी खड़गपुर की टीम विनर बनी।

मैनेजमेंट प्रोफेशनल अक्षत गुप्ता ने इसे जज किया। इसके बाद फ्लैगशिप इवेंट केस स्टडी कंपीटिशन हुआ। करीब 600 प्रतिभागियों के बीच आईआईएम रांची की टीम 'नॉट अगेन' विनर रही। कॉलेज के फाइनांस क्लब ने लाइव फ्लोर ट्रेडिंग कंपीटिशन कराया। स्टूडेंट्स को अपने प्रॉफिट बढ़ाने का टास्क मिला। आईआईएम रांची की टीम एड्रॉयट ने बाजी मारी। लिटररी क्लब ने देश के सोशियो-कल्चरल मुद्दों पर कंपीटिशन कराया, जबकि ऑपरेशन क्लब इंटरैक्टिव लाइव बिजनेस सिमुलेशन चैलेंज लेकर आए। इस इवेंट में प्रतिभागियों को भविष्य में आने वाली पब्लिक डिमांड समझकर उसके अनुसार एक फैक्टरी सेट-अप करनी थी।






मैनेजमेंट फेस्ट एगॉन के इवेंट्स में भाग लेते प्रतिभागी और एक इवेंट की विनिंग टीम प्राइज मनी के साथ।

नई प्रोडक्शन टेक्नीक लाकर बाजार में कंपीट करना था। इस अवसर पर आईआईएम रांची के क्विज क्लब क्यूआर कोड ने अपना पहला नेशनल लेवल जनरल क्विज आयोजित किया।

देश के यंगेस्ट प्रोफेशनल क्विजमास्टर पलक कुमार इस इवेंट के भी क्विजमास्टर रहे। फिर अगोरा-हल्ला बोलो बेच डालो.. इवेंट हुआ। प्रतिभागियों ने टीवी, रेडियो व इवेंट्स के जरिए प्रोडक्ट्स बेचने की क्रिएटिविटी दिखाई। दो दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट का समापन खेलगांव में कल्चरल नाइट के साथ हुआ। इस फेस्ट में देशभर के कई आईआईएम के अलावा अन्य बड़े संस्थानों से करीब 1500 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

Dainik Bhaskar, 01.10.2018, Pg. 05